हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

04 श्रीमद् जगद्गुरू शंकराचार्य प्रकटोत्सव आद्य...



07 जिला अस्पताल में 350 मरीज भर्ती क्षमता 200 की, समस्याओं से जूझ रहे






## नगर के इंवेंट

### गर्मी से राहत के लिए कलेक्टर की पहल, पेट्रोल पंप, होटल व मैरिज गार्डन संचालकों के साथ बैठक

**गुना** । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने पेट्रोल पंप, होटल एवं मैरिज गार्डन संचालकों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे भी उपस्थित रहे। बैठक में आमजन की सुविधा, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि वर्तमान में तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, ऐसे में सभी संस्थान अपने परिसरों में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक एवं उपयोगी प्याऊ स्थापित करने के साथ जीव-दया के तहत पक्षियों के लिए सकोरे एवं पानी की व्यवस्था करने की अपील की, जिस पर सभी संचालकों ने सहमति व्यक्त की। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को निशुल्क हवा एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, मैरिज गार्डन संचालकों को पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि ट्रैफिक विभाग एवं नगर पालिका द्वारा शीघ्र ही पार्किंग हेतु मार्किंग की जाएगी, जिसका पालन अनिवार्य होगा। निर्धारित स्थान के अतिरिक्त पार्किंग पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने यह भी कहा कि जिन संस्थाओं की व्यवस्थाएं उत्कृष्ट होंगी, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

### वार्ड-3 में पार्षद बबीता राजेश साहू ने शुरू किया फॉगिंग अभियान

**गुना**। नगर पालिका परिषद, गुना के वार्ड क्रमांक 3 में मच्छरों के प्रकोप और मौसमी बीमारियों को देखते हुए पार्षद बबीता राजेश साहू ने एक विशेष स्वच्छता एवं बचाव अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत पूरे वार्ड में फॉगिंग मशीन के माध्यम से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया।अभियान के दौरान वार्ड की संकरी गलियों, नालियों और जल-जमाव वाले संभावित क्षेत्रों में विशेष रूप से फॉगिंग की गई ताकि मच्छर जनित रोगों को पनपने से रोका जा सके। श्रीमती साहू ने कहा, ₹वार्डवासियों का स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता है। बरसात के मौसम के आगमन से पूर्व एहतियाती कदम उठाना आवश्यक है, ताकि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से नागरिकों को सुरक्षित रखा जा सके। पार्षद श्रीमती साहू ने वार्ड के निवासियों से अपील की कि वे अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। उन्होंने कूलर, टंकियों और पुराने बर्तनों की नियमित सफाई करने पर जोर देते हुए कहा कि नगर पालिका के स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।इस महत्वपूर्ण जनहित कार्य के दौरान वार्ड के वरिष्ठ नागरिक और जनप्रतिनिधि सक्रिय रहे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी गुना के जिला सह-कोषाध्यक्ष राजेश साहू, रहमान, कन्हा मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।



### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक आज होगी

**गुना**। गुना वृत्त अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक का आयोजन दिनांक 24 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को दोपहर 3 बजे उपमहाप्रबंधक (एसटीसी-एसटीएम) कार्यालय, संभाग गुना में किया जाएगा।इस बैठक में विद्युत आपूर्ति में व्यवधान, स्वीकृत भार या अनुबंधित मांग में वृद्धि/कमी, नवीन विद्युत कनेक्शन में विलंब, विद्युत बिल, मीटर संबंधी शिकायतें, नामांतरण/शीर्षक परिवर्तन, उपभोक्ता श्रेणी परिवर्तन में देरी, विद्युत आपूर्ति का विच्छेदन एवं पुनः संयोजन, कनेक्शन स्थानांतरण, वोल्टेज संबंधी समस्याएं, लोड शेडिंग/निर्धारित कटौती, सुरक्षा धनराशि व ब्याज भुगतान तथा विद्युत आपूर्ति की विश्वतता से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी।जिन उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधी कोई शिकायत हो, वे अपनी शिकायत दर्ज कराकर निर्धारित तिथि पर सुनवाई में उपस्थित हो सकते हैं। साथ ही उपभोक्ता अपनी शिकायत ऑनलाइन पोर्टल पर भी दर्ज कर सकते हैं और उसकी स्थिति का अवलोकन कर सकते हैं।

### राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को

**गुना** । मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026, 26 अप्रैल को ओ.एम.आर. पद्धति से प्रातः 10:00 से 12:00 एवं दोपहर 02:15 से 04:15 बजे तक, दो सत्रों में जिला मुख्यालय के 05 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जावेगी। आयोग द्वारा उक्त परीक्षा हेतु ग्वालियर संभाग अंतर्गत शेखर वर्मा, से.नि. आई.ए.एस. को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पर्यवेक्षक वर्मा का 24 अप्रैल से भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आयोग के निर्देशानुसार संभागीय पर्यवेक्षक श्री वर्मा के लिये आवश्यक व्यवस्था हेतु लायजनिंग ऑफिसर प्रोटोकॉल एवं सत्कार व्यवस्था के लियेमयंक तिवारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील गुना को नियुक्त किया गया हैं। आयोग के निर्देशानुसार उक्त परीक्षा को निर्विघ्न, सुव्यवस्थित एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु इस वर्ष नवीन प्रक्रिया और सुरक्षा उपाय लागू किये जा रहे हैं। जिसके लिए आयोग द्वारा Innovatiview India Ltd. Delhi को अधिकृत किया गया है।

## अधिनियम रोककर कांग्रेस ने किया देश की 70 करोड़ महिलाओं का अपमानः कामना सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में रखे गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के गिर जाने के बाद भाजपा मुखरता से आमजन के बीच कांग्रेस की महिला विरोधी नीति को रख रही है।गुरुवार को जिला भाजपा द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसे भिंड से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया ने संबोधित किया और विषय को समग्रता के साथ रखा।उन्होंने कहा कि नारी सब कुछ भूल सकती है, लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने का बीड़ा उठाया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्षी दलों का कृत्य संपूर्ण नारी शक्ति का अपमान है। उन्होंने कहा कि अधिनियम को रोकने का काम कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, डीएमके जैसे राजनीतिक दलों ने किया और महिलाओं-बहनों के अधिकार पर डाका डाला। विपक्षी दलों के विश्वासघात के खिलाफ मध्यप्रदेश सहित देशभर की महिलाओं में आक्रोश है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को महिलाएं सबक जरूर सिखाएंगी। उन्होंने कहा



कि विडंबना यह है कि इस पर विपक्ष जश्न मनाता रहा। यह हर महिला का अपमान है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने का रहा है। उसने शाहबानो प्रकरण, तीन तलाक और अनुच्छेद 370 से प्रभावित कश्मीरी महिलाओं के अधिकार का विरोध किया। भारत के संविधान के अनुसार लोकसभा और विधानसभाओं का पुनर्गठन जनगणना के बाद परिसीमन आयोग द्वारा किया जाता है। वर्ष 2001 की जनगणना के बाद अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में यह निर्णय लिया था कि वर्ष 2026 के बाद पहली जनगणना तक परिसीमन स्थगित रहेगा, ताकि दक्षिणी राज्यों को संभावित नुकसान से बचाया जा सके। इसके बावजूद विपक्ष भ्रम फैला रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि परिसीमन से किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं होगा और संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा।श्रीमती भदोरिया ने कहा कि देश की 70 करोड़ महिलाएं इस घटनाक्रम को देख, समझ रही हैं और इसे याद रखेंगी। यह मुद्दा अब केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगा, जन-जन का मुद्दा बनेगा। भारतीय जनता पार्टी महिला सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार,महिला मोर्चा की ज़िलाध्यक्ष श्रीमती राजेश राजपूत एवं जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव उपस्थित रहे ।

### शरीर में देवता आने और गृह शुद्धि के नाम पर करता था ठगी की वारदात

## भोली-भाली महिलाओं को झांसे में लेकर ठगी करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

- आरोपी बीनागंज में एक महिला को झांसे में लेकर उसके पहने हुए जेवर लेकर हुआ था फरार
- आरोपी से पूछताछ में हुए चौंकाने वाले खुलासे
- बीनागंज सहित कुम्भराज, राघौगढ़, व्यावरा, शिवपुरी में भी की गई इस प्रकार की कई वारदातें






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस द्वारा एक ऐसे शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है, जो अंधविश्वास का सहारा लेकर महिलाओं को ठगी का शिकार बना रहा था ।

चांचौड़ा थाना पुलिस द्वारा एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है ।

गुरुवार को जिला मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता आयोजित करके पुलिस अधीक्षक हीतिका वासल ने बताया कि गत 14 अप्रैल को एक महिला द्वारा चाचौड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आज दोपहर के समय एक अज्ञात व्यक्ति स्कूटी पर उनके घर आया । उस समय वह घर पर अकेली थी । उस व्यक्ति ने स्वयं को उनका रिश्तेदार बताते हुए मकान उद्घाटन का निमंत्रण देने की बात कही और बातचीत के दौरान अन्य रिश्तेदारों का उल्लेख कर विश्वास जीत लिया । तत्पश्चात पानी मांगने के बहाने घर के अंदर प्रवेश कर गया । बातचीत के दौरान उसने स्वयं के शरीर में देवता आना और पूजा-पाठ जानने वाला बताकर घर में परेशानियों एवं गृह क्लेश की बात कहकर भयभीत किया और फिर गृह शुद्धिकरण के नाम पर उसके पहने हुए सोने के आभूषण उतरवाकर ले लिए और उसे बातों में उलझाकर फरार हो गया । उक्त रिपोर्ट पर से चाचौड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 94/26 धारा 319(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई । पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के संज्ञान में उक्त घटनाक्रम के आते ही उनके द्वारा घटना को गंभीरता से लिया और घटना के शीघ्र खुलाशा हेतु तत्काल एक विशेष टीम गठित कर सक्रिय की गई ।

पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में गहन जांच की गई, इस दौरान पुलिस की अलगटीमों द्वारा बीनागंज, राघौगढ़, आरोन, व्यावरा सहित आसपास के जिलों में कई जगहों पर पैट्रोल पंप, टोलनाके, होटल, बस स्टेण्ड आदि महत्वपूर्ण स्थानों के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए । साथ ही जांच में सामने आया कि बीनागंज में घटित घटना की तरह ही इस प्रकार की घटनाएं दिसम्बर 2025 में कुम्भराज क्षेत्र में तथा लगभग एक माह पूर्व राजगढ़ जिले के व्यावरा में भी घटित हुई थीं ।

जांच के दौरान पुलिस की अलग टीमों द्वारा बीनागंज, कुम्भराज, व्यावरा क्षेत्र से घटनाओं से संबंधित सीसीटीवी फुटेज एकत्रित किए गए, जिसमें आरोपी द्वारा उपयोग की जा रही स्कूटी को चिन्हित किया जाकर विभिन्न तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की लगातार तलाश की गई एवं सघन प्रयासों के बाद आरोपी के अशोकनगर का होने की जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम अशोकनगर पहुंची जहां सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही की पहचान सुनिश्चत की गई और एक दिन की सघन तलाश के बाद आरोपी राजू उर्फ दीपक पुत्र बीरेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी दुवे कॉलोनी अशोकनगर को गिरफ्तार कर लिया गया । आरोपी से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए है, जिसने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसके द्वारा बीनागंज में 2 घटनाएं, कुम्भराज 2 घटनाएं, व्यावरा में 1 घटना, राघौगढ़ में 1 घटना एवं शिवपुरी में 1 घटना सहित कुल 7 स्थानों पर इस प्रकार की वारदातें की हैं ।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने का एक मंगलसूत्र, सोने की एक जोड़ी बालियां एवं वारदात में प्रयुक्त सफेद रंग की जुपिटर स्कूटी जप्त की गई है । आरोपी को प्रकरण में गिरफ्तार किया गया एवं जिसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिससे अन्य घटनाओं के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है गुना पुलिस की आम नागरिकों से अपील है कि अज्ञात व्यक्तियों पर बिना सत्यापन विश्वास न करें, किसी भी प्रकार के झांसे या अंधविश्वास में न आएं, संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें ।

## दो पुलिसकर्मियों पर धाखाधड़ी के लगे आरोप, एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में दो पुलिसकर्मियों पर धोखाधड़ी और पैसे हड़पने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में पीड़ित युवक सद्दाम खान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिया और न्याय की मांग की। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

आवेदन के अनुसार सद्दाम खान चार पहिया वाहनों की खरीद-फरोख्त का काम करता है और उसका परिचय आरक्षक रविन्द्र सोलंकी व शिवकुमार रघुवंशी से था। आरोप है कि दोनों आरक्षकों ने निजी जरूरत बताकर उससे आर्थिक मदद मांगी। उस समय सद्दाम के पास ग्राहकों की चार गाड़ियां बिक्री के लिए खड़ी थीं। आरोप है कि दोनों ने विश्वास में लेकर इन वाहनों को कबाड़ में बिकवा दिया और दो माह में राशि लौटाने का आश्वासन दिया।

पीड़ित का कहना है कि काफी समय बीतने के बाद भी उसे पैसे वापस नहीं मिले, जिससे संबंधित वाहन मालिक उस पर भुगतान का दबाव बना रहे हैं। जब वह रकम मांगता है तो आरोपी उसे डराने-धमकाने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने



का आरोप भी लगाया गया है। इस पूरे घटनाक्रम से वह मानसिक तनाव में है।

पीड़ित ने आवेदन में मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपियों पर कार्रवाई, बकाया राशि दिलाने और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

**जांच हो रही है**

दो पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाए हैं। जिस में फरियादी ने आवेदन देकर शिकायत की है। मामले में सीएसपी गुना को जांच दी गई है। जो भी जांच के अंदर तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।-

**हितिका वासल**, एसपी गुना

## फतेहगढ़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में नशा तस्कर को गांजा उपलब्ध कराने वाला फरार आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त नशा माफियाओं, तस्करों आदि के विरूद्ध एक अभियान के रुप में कार्यवाहियां की जा रहीं है ।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में जिले के फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी और उनकी टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में नशा तस्कर को गांजा उपलब्ध कराने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है ।

उल्लेखनीय है कि 6 अप्रेल को फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा नशा तस्कर कल्लू राजपूत निवासी ग्राम खडेला थाना बमोरी को मोटर सायिकल पर गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार कर जिससे 4.070 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 01 लाख रुपये एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल कीमती 75 हजार रुपये सहित कुल लगभग 1.75 लाख रुपये का मसरुका जप्त किया गया था ।

पूछताछ पर आरोपी कल्लू राजपूत ने उक्त गांजा संजीव यादव निवासी ग्राम पदमनखेड़ी थाना म्याना से खरीदकर लाना बताए जाने पर पुलिस ने प्रकरण में धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजे के बिक्रेता संजीव यादव को भी आरोपी शुमार करते दोंनो आरोपियों कल्लू राजपूत एवं संजीव यादव के विरूद्ध फतेहगढ़ थाने में अप.क्र. 61/26 धारा 8/20, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विववेचना में लिया गया था ।

फतेहगढ़ थाना पुलिस ने प्रकरण के फरार आरोपी संजीव यादव की सघनता से तलाश की गई और जिसकी तलाश के क्रम में गत दिनांक 22 अप्रेल 2025 को फरार आरोपी के संबंध में मुखिबर से प्राप्त सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए फरार आरोपी संजीव पुत्र बीरेन्द्र यादव उम्र 29 साल निवासी ग्राम पदमनखेड़ी थाना म्याना जिला गुना को भी गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है ।

फतेहगढ़ थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि दिलीप रघुवंशी, सउनि जसरथ दिवाकर, प्रधान आरक्षक सरनाम सिंह, प्रधान आरक्षक चंद्रसेन फाल्के, प्रधान आरक्षक विकास भार्गव, प्रधान आरक्षक हरिओम किरार, आरक्षक हरिओम परमार, आरक्षक कुलदीप धाकड़, आरक्षक अजय लोधी, आरक्षक कांजराज बारेला, आरक्षक बृजमोहन, महिला आरक्षक क्रांति रघुवंशी एवं साईर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव व आरक्षक भूपेन्द्र खटीक की विशेष भूमिका रही है ।

## जन आक्रोश रैली निकालकर किया कांग्रेस और इंडी गठबंधन का पुतला दहन




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा के तत्वाधान में जन आक्रोश रैली एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाशक्ति शामिल हुई,विशाल जन आक्रोश रैली के उपरांत कांग्रेस और इंडी गठबंधन का पुतला दहन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार,भिंड जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया ,गुना जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका लुंबा,नपा अध्यक्ष सविता गुप्ता, सुनीता नाटानी, कुसुमलता कुशवाह, गोमती ओझा, सुश्री गायत्री भील, शांति जोगी आदि उपस्थित रहे ।

### कलेक्टर और एसपी की रात्रि चौपालः अपराध मुक्त और पराली मुक्त" गांव की सराहना

## गोशाला निर्माण के लिए जनसहयोग से जुटे 1.30 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक शहितिका वासल ने राघौगढ़ विकासखंड के ग्राम भुलॉय स्थित गोशाला में रात्रि के समय ग्राम चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम भुलॉय में चोरी जैसी घटनाएं नहीं होती हैं, अपराध बेहद कम हैं तथा किसी भी किसान द्वारा पराली नहीं जलाई जाती है। इस सकारात्मक स्थिति पर कलेक्टर श्री कन्याल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामवासियों की सराहना की।जनसंवाद के




दौरान कलेक्टर ने किसानों को कृषि को लाभ का धंधा बनाने के प्रभावी उपायों से अवगत कराया। उन्होंने गुलाब की खेती, थाई पिंक अमरूद तथा जैविक खेती को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इन फसलों के माध्यम से कम लागत में अधिक आय अर्जित की जा सकती है। साथ ही आधुनिक तकनीकों को अपनाने एवं पारंपरिक खेती में नवाचार करने के लिए किसानों को प्रेरित किया।

कलेक्टर ने पराली जलाने से होने वाले नुकसान एवं इसके विरुद्ध प्रशासन द्वारा की जा रही सख्त कार्रवाई की जानकारी भी दी। इस पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पराली नहीं जलाई जाती है, जो एक अनुकरणीय पहल है। चौपाल के दौरान ग्रामवासियों ने गोशाला में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए आर्थिक संसाधनों की कमी की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर कन्याल ने स्वयं की ओर से 21,000 रुपये की सहायता राशि देकर कार्य की शुरुआत की। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा 21,000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। साथ ही अन्य अधिकारियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से कुल मिलाकर लगभग 1,30,000 रुपये से अधिक की राशि एकत्रित की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपलब्ध राशि से शीघ्र ही बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि गोशाला का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके। चौपाल के समापन पर जिन छात्राओं ने अभी रिजल्ट में अच्छा अंक हासिल की उनको फूलमाला पहनाकर कर सम्मानित भी किया गया।

## समाचार संक्षेप

### पोषण पखवाड़ाः बच्चों और माताओं में जागरूकता का सफल अभियान

**राघोगढ़।** हिंदुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग, राघौगढ़ द्वारा 09 से 23 अप्रैल 2026 तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विविध जागरूकता गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक विद्यालयों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के समुचित पोषण, स्वच्छता एवं टीकाकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने बाल स्वास्थ्य, संतुलित आहार, स्वच्छता आदतों एवं कुपोषण से बचाव के विषय में माताओं एवं अभिभावकों को जागरूक किया। विभिन्न स्थलों पर संवाद, जागरूकता सत्र एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया गया।समापन दिवस पर महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात नाटक, भाषण एवं गीतों के माध्यम से पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसने उपस्थित जनों को अत्यंत प्रभावित किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद सिंह भदौरिया ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने तथा अपनी शिक्षा का उपयोग जनकल्याण में करने का संदेश दिया।कार्यक्रम के अंत में श्रीमती रश्मि जैन द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर डॉ. फौजिया बानो, श्रीमती पूजा मिश्रा, डॉ. पूजा भाटी, डॉ. नरेश चंदेल, डॉ. गणेश चंद्र शुक्ला सहित समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




### समाजसेवी डॉक्टर साहिब अली के हज पर रवाना, हुआ इस्तकबाल

**राघोगढ़।** नगर के समाजसेवी डॉक्टर साहिब अली के हज पर रवाना होने से पहले उनका इस्तक़बाल बड़े ही अदब और खुशी के साथ किया गया। इस मौके पर छोटू पठान मुस्लिम समाज मीडिया प्रभारी के साथ मौके मौजूद रहे शाहरुख पठान साहिल पठान अदीब पठान साजिद पठान आसिफ पठान ने उन्हें मुबारकबाद पेश की और दुआ की दरखास्त की अल्लाह तआला से दुआ है कि उनका सफर-ए-हज आसान फरमाए, उनकी इबादतें कबूल करे और उन्हें सलामती के साथ वापस लाए। हज जैसे मुकद्दस सफर पर जाना हर मुसलमान के लिए बड़ी खुशकिस्मती की बात है।



### अस्पताल बना आवारा पशुओं का अड्डाः वार्डों में बेखौफ घूम रहे जानवर, मरीजों की सुरक्षा पर खतरा

**आरोन।** सिविल अस्पताल की बदहाल व्यवस्था ने एक बार फिर सिस्टम की पोल खोल दी है। दवा वितरण केंद्र से लेकर वार्डों तक आवारा पशुओं का खुलेआम घूमना मरीजों की सुरक्षा और स्वच्छता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।ताजा तस्वीरें साफ बयां कर रही हैं कि अस्पताल प्रबंधन लापरवाही की हदें पार कर चुका है। जहां मरीजों को सुरक्षित और स्वच्छ माहौल मिलना चाहिए, वहीं यहां जानवरों की मौजूदगी संक्रमण और दुर्घटना का खतरा बढ़ा रही है।स्थानीय नागरिकों में इस अव्यवस्था को लेकर आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए अस्पताल परिसर में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और पशुओं के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है।



# श्रीमद् जगद्गुरू शंकराचार्य प्रकटोत्सव आद्य शंकराचार्य का 1238वां प्रकटोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विश्वगीता प्रतिष्ठानम गुना द्वारा संचालित गीता संस्कृत स्वाध्याय मंडल के तत्वावधान में श्रीमद् जगद्गुरू शंकराचार्य प्रकटोत्सव आद्य शंकराचार्य का 1238 वां प्रकटोत्सव सायं काल मंगलवार को फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मूर्धन्य विद्वानों ने अपने विचार प्रकट कर शंकराचार्य जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से अवगत कराते हुए सनातन धर्म राष्ट्रभक्त देश प्रेम और समानता आदि का महत्व बताया। वक्ता - नितिन अग्रवाल आर्यावर्त की अखण्डता पर ही देश की शान्ति निर्भर है और शंकराचार्य जी ने देश की अखण्डता हेतु अनेकों यात्राएं कीं। उस समय तक विदेशी पंथों का भारत पर प्रभाव नहीं था। बौद्ध मत के भ्रामक प्रचार ने जोर पकड़ लिया था धर्म को कर्मकांड तक सीमित माना जाने लगा था ऐसे में आचार्य शंकर ने वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार का कार्य किया। सनातन विचारधारा पर आधारित बौद्ध, जैन आदि दर्शन मूल रूप में गलत नहीं है



परन्तु समय के साथ अनेक दोष उत्पन्न हो गये जिनसे जनमानस में अनेक भ्रम उत्पन्न हुए जिनका उन्मूलन उस समय आदि गुरू शंकर के द्वारा किया गया। भारतीय इतिहास ऐसे अनेक उदाहरणों से भरा हुआ है जिनसे पता चलता है कि सनातन धर्म में समानता को पर्याप्त स्थान दिया गया था।आचार्य शंकर ने अनेक कार्य किए जिनमें गीता का प्रथम संस्कृत भाष्य,विश्वविख्यात श्रृंगेरी, बदरीनाथ, जगन्नाथ पुरी व द्वारिका मठ के संस्थापक, ब्रह्मसूत्र, सभी उपनिषदों-श्रीमद्भगवद्गीता जैसे महान ग्रंथों के संस्कृत भाष्यकार , दर्शन और तंत्र के गूढ़ रहस्यों से युक्त शताधिक संस्कृत कृतियों की रचना की । उन्होंने 32 वर्षीय जीवन काल में पाखंड, अंधविश्वास से घिरे पतनोन्मुख धर्म का पुनरुद्धार करके 820 ईसवी में देह को त्याग किया। ऐसे अनेक सामाजिक सांस्कृतिक महत्व के विचार संघ के विभाग प्रचारक श्री नितिन अग्रवाल ने व्यक्त किये।वक्ता 2 डॉ जवाहरलाल द्विवेदी इस अवसर पर विश्वगीता प्रतिष्ठानम के केंद्रीय मार्गदर्शक डॉ जवाहरलाल द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में इस प्रकार के बौद्धिक आयोजनों की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि शंकराचार्य जी सन्यासी होते हुए जननी और जन्मभूमि के प्रति कर्त्तव्य निष्ठ रहे। भारत दिग्विजय कर चार मठों की स्थापना , माता से विदा औरअंतिमसंस्कार, पुरी, गिरी, नाथ, नागा आदि दशनामी संप्रदाय की स्थापना इसका प्रमाण है। प्रस्तुतियां-संदर्भ प्रसंग अनामिका चतुर्वेदी ने भवानि अष्टक, राधे श्याम शर्मा ने शिव पंचाक्षर स्त्रोत सुनाए । भारती शर्मा ने महात्मा गौतमबुद्ध का अमृत वचन सुनाया। पंडित रामकुमार तिवारी ने चंद्र प्रकाश भट्ट और महेंद्र सोनी के वाद्ययंत्र संयोजन में आचार्य शंकर की मोहमुद्गर नामक प्रसिद्ध रचना का गायन किया।

## गलत साइन बोर्ड से भटक रहे यात्री, बीनागंज में दूरी के आंकड़े बने मजाक




### 0 किलोमीटर की जगह 2–3 KM लिखे, मंडी गेट से निचला बाजार तक गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर में लगे दिशा-सूचक साइन बोर्ड अब यात्रियों को सही रास्ता दिखाने के बजाय गुमराह कर रहे हैं। मंडी गेट सहित कई प्रमुख स्थानों पर दूरी और दिशा संबंधी जानकारी गलत अंकित होने से बाहर से आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मंडी गेट पर जहां ब्यावरा से गुना जाने वाले मार्ग पर बीनागंज की दूरी 3 किलोमीटर दर्शाई गई है, जबकि वास्तव में यह दूरी 0 किलोमीटर होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर ब्यावरा की दिशा में भी बीनागंज 2 किलोमीटर लिखा हुआ है, जो पूरी तरह भ्रामक है। इसी तरह निचला बाजार स्थित संत श्री रामानंद आश्रम (दांतों के अस्पताल के पास) लगे साइन बोर्डों पर भी गलत दूरी दर्ज है। गुना की ओर से आने वाले मार्ग पर बीनागंज 3 किलोमीटर लिखा गया है, जबकि वहां 0 किलोमीटर होना चाहिए। दूसरी दिशा में 2 किलोमीटर अंकित किया गया है।इस प्रकार के विरोधाभासी संकेतकों के कारण राहगीर और वाहन चालक भ्रमित हो रहे हैं। खासकर बाहरी यात्रियों को सही मार्ग खोजने में अनावश्यक समय और परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द ही इन त्रुटिपूर्ण साइन बोर्डों को सुधारने की मांग की है, ताकि यात्रियों को सही दिशा और दूरी की जानकारी मिल सके।

## कायस्थ समाज राघौगढ़ ने हर्षोल्लास से मनाया भगवान श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव

**राघौगढ़।** कायस्थ समाज राघौगढ़ ने अपने आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त भगवान का प्रकटोत्सव बैशाख शुक्ल सप्तमी को स्थानीय चित्रगुप्त मंदिर पर बड़े ही हर्षोल्लास व धुमधाम से मनाया। सर्वप्रथम भगवान का विशेष सिंगार किया गया इसके पश्चात समाज के युवा, महिलाओं, बच्चों तथा वरिष्ठजनों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का सामूहिक वाचन किया जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्ति में हो गया। अंत में हवन कर प्रसादी वितरण की गई। शास्त्रों के अनुसार धर्मराज जी ने जब भगवान ब्रह्मा से एक सहायक की मांग की तब काया से भगवान श्री चित्रगुप्त की उत्पत्ति हुई और इसी कारण कायस्थ कहलाये। जो विश्व के सभी व्यक्तियों के पुण्य -पाप का लेखा-जोखा रखते हैं।जो विभिन्न उपजातियां के नाम से संपूर्ण भारत में निवासरत हैं । जिन्हें ही पाप पुण्य का लेखक कहा जाता है । इसी परंपरा अनुरूप आज भी कायस्थ समाज अपनी बुद्धिमत्ता के लिए जाना जाता है । वह कलम दवात की ही साधना करता है। प्रतिवर्ष वैशाख शुक्ल सप्तमी को भगवान की प्रकट तिथि मानी जाती है और इसीलिए समाज उनका प्रकट उत्सव मनाती है । उक्त कार्यक्रम में आसपास क्षेत्रों के सैकड़ों समाजजन सम्मिलित हुए।अंत में समाज अध्यक्ष लोकेंद्र श्रीवास्तव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



## एक ही परिवार के बहन भाई ने रचा इतिहास,परीक्षा में आरोन ब्लॉक के टॉपर बने हर्षिता और लकी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

ग्राम घटावदा निवासी भुवनेश्वर शर्मा के घर दोहरी खुशी का माहौल है। उनके पुत्र और पुत्री ने बोर्ड परीक्षा में आरोन ब्लॉक टॉप कर परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। पुत्री हर्षिता शर्मा ने कक्षा 12वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, वहीं पुत्र लकी शर्मा ने कक्षा 10वीं में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर ब्लॉक में प्रथम स्थान पाया है। दोनों भाई-बहन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। हर्षिता और लकी ने अन्य छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी इस बार पास नहीं हो सके, वे निराश न हों। अच्छी तैयारी करें ताकि अगले परीक्षा परिणाम में वे भी टॉप कर सकें। भाई-बहन की इस उपलब्धि पर परिवार एवं परिजनों में और ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई।



## बिना प्लानिंग के बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण, दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर के बस स्टैंड पर पिछले एक महीने से चल रहे निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य ने स्थानीय दुकानदारों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। बिना ठोस योजना और समय सीमा के चल रहे इस कार्य के चलते सैकड़ों व्यापारी अपनी आजीविका को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।
दुकानदारों का आरोप है कि निर्माण कार्य पूरी तरह ठेकेदार की मनमर्जी से संचालित हो रहा है। न तो काम की कोई तय समय सीमा है और न ही व्यवस्थित प्लानिंग दिखाई दे रही है।
बस स्टैंड के प्रवेश द्वार (गेट) बंद होने के कारण ग्राहकों का अंदर आना मुश्किल हो गया है, जिससे व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।व्यापारियों का कहना है कि आरोन एक ग्रामीण क्षेत्र है, जहां सालभर व्यापार नहीं चलता। यहां का पूरा कारोबार मुख्यतः फसल और सीजन पर आधारित रहता है।
दीपावली के समय भी गेट निर्माण के कारण व्यापार प्रभावित हुआ था और अब जब रबी की फसल का सीजन आया है, तब भी निर्माण कार्य जारी है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।
दुकानदारों ने नगर परिषद से मांग की है कि निर्माण कार्य या तो निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए या फिर इसे ऐसे समय में किया जाए जब व्यापार का सीजन न हो। व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कई छोटे व्यापारी आर्थिक संकट में आ सकते हैं।बस स्टैंड परिसर के सभी व्यापारियों ने प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाते हुए उनकी आजीविका को ध्यान में रखकर उचित निर्णय लेने की अपील की है।



# विहिप ने धर्मांतरण की घटना को लेकर ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल अशोक नगर द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पिपरई में लव जिहाद धर्मांतरण की घटना विरोध यिका गया।

इस अवसर पर बजरंग दल प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने ज्ञापन का वाचन कर मांग की अवैध धर्मांतरण लव जिहाद, लैंड जिहाद धर्मांतरण को अवश्य रोका जाए जिस हिंदू समाज को सड़कों पर आना न पड़े इस अवसर पर प्रान्त अर्चक मंदिर प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा कि पिपरई की घटना अनोखी नहीं है गली-गली मोहल्ले मोहल्ले में यह जिहाद चल रहा है इसको रोकने के लिए प्रशासन को कठोर कार्रवाई करने चाहिए और माननीय मुख्यमंत्री महोदय कठोर कानून बनाकर इन लोगों को फांसी की सजा हो और जिहादियों जो ऐसी घटना में जो पकड़े गए हैं उन पर कठोर की कार्रवाई हो इस मौके पर किन्नर चांदनी मौसी उपस्थित रही और उन्होंने कहा जो व्यक्ति किन्नर समाज को कलंकित करने वालों को भी सजा होनी चाहिए और जो देश विरोधी काम करेगा।

समाज उसके विरोध में रहेगा तहसील प्रांगण से रैली निकालकर कलेक्टट पहुंचे जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे भारत माता जिंदाबाद लव जिहाद मुर्दाबाद बेटी बचाओ जैसे नारों के साथ रैली निकाली गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश जैन बजरंग दल विभाग संयोजक वेदराम लोधी विभाग संगठन मंत्री वीर सिंह लोधी विभाग सह मंत्री रामवीर सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष अशोक रघुवंशी जिला मंत्री कंछेदी दांगी जिला सह मंत्री संतोष शर्मा बजरंग दल जिला सहसंयोजक दशरथ सिंह यादव दीपक जोशी जिला समरसता प्रमुख विकास जैन जिला कोष अध्यक्ष रामकुमार चैधरी मोहन नामदेव दिनेश चैरसिया ग्रामीण अध्यक्ष जगभान सिंह यादव नगर अध्यक्ष रमेश आदि रहे मौजूद।



## मुख्यमंत्री से भेंट कर यज्ञ में आने का आमंत्रण सौंपा

**अशोकनगर।** पूर्व सांसद डॉक्टर के पी यादव के साथ श्री टेकरी सरकार से यज्ञ सेवा समिति ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव से मुलाकात की और यत्र में आने का आंमत्रण सौंपा। श्री टेकरी सरकार के दरबार में साकेत वास कनक बिहारी दास महाराज के उत्तराधिकारी से श्री श्याम दास जी ने खुले आसमान के नीचे महान कठोर चातुर्मास व्रत की तपस्या की थी, उसी के उपलक्ष में 651 कुंडिय श्री सीताराम महायज्ञ 21 मई से 29 मई तक होने जा रहा है , समिति के सदस्य ने बताया की यज्ञ में प्रतिदिन 30 से 40000 धर्म प्रेमी बंधुओ को अखंड भंडारे की व्यवस्था की गई है साथी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो उनकी सुविधाओं को देखते हो सारी व्यवस्थाएं व्यापक स्तर पर चल रही है।

# खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था से फूटा किसानों का गुस्सा, चंदेरी चुंगी नाके पर लगाया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



नगर में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में हो रही देरी और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ किसानों का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चंदेरी चुंगी नाके पर बड़ी संख्या में किसानों ने एकत्रित होकर सड़क जाम कर दी। चक्काजाम के कारण मुंगावली और अशोकनगर के बीच का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**प्रमुख समस्याएँ क्यों सड़क पर उतरे किसान ?** किसानों का आरोप है कि वे पिछले 5 दिनों से भीषण गर्मी में केंद्रों पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं।

**किसानों ने निम्नलिखित मुख्य समस्याएँ बताई** बारदाने की कमी तुलाई के लिए आवश्यक बारदाना (जूट के बोरे) खत्म हो चुका है, जिससे काम बंद है। टोकन की समस्या किसानों को टोकन वितरण और तुलाई के समय को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। प्रशासनिक अनदेखी किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार एसडीएम को फोन लगाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा।

### जाम में फंसी एंबुलेंस, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक चले इस चक्काजाम में सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान एक एंबुलेंस भी काफी देर तक जाम में फंसी रही। गनीमत रही कि समय रहते तहसीलदार मौके पर पहुंच गए, अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। यात्रियों ने बताया कि चक्काजाम के कारण छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। हम 5 दिनों से परेशान हैं। न कोई सुनने वाला है और न कोई अधिकारी ध्यान दे रहा है। जब तक बारदाना और तुलाई की व्यवस्था नहीं होगी, किसान ऐसे ही भटकता रहेगा। एक पीड़ित किसान। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार और पुलिस बल मौके पर पहुँचा। अधिकारियों ने किसानों को उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने और बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने जाम खोला और यातायात बहाल हो सका।

## नव कुंडीय महायज्ञ में तीसरे दिन हुआ अग्नि देव का प्राकट्यः देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

चैथे दिन यज्ञ के चारों द्वारों पर स्थापित चारों वेद रूपी द्वारों में स्थापित देवताओं का पूजन किया गया। चंदेरी के निकट जारसल चक्क सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम में चल रहे सात दिवसीय श्री राम महायज्ञ में अरणी मंथन के द्वारा अग्नि देव का प्रकट हुआ यज्ञ के संरक्षक व कथा वाचक जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने बताया की यज्ञाचार्य पंडित बृजेश चैवे शास्त्री के निर्देशन में तृतीय दिवस दिन में 12रू15 पर अरणी मंथन किया गया और अग्नि देव को प्रकट किया गया नवग्रह आदि देवताओं का पूजन किया गया और हवन प्रारंभ किया गया जो अपराह्न तीन बजे तक चला इसके उपरांत समस्त देवताओं की आरती की गई। हवन के बाद शाम की समय कथा व्यास जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कथा के माध्यम से यज्ञ का महत्व बताते हुए कहा रामायण में 6 प्रकार के यज्ञ बताए गए हैं दिन में तीन यज्ञ पूरे हुए और तीन पूरे नहीं हुए। जो सात्त्विक भावना से किए गए वह तीन यज्ञ पूरे हुए और जिन यज्ञ में भावना गलत थी बदले की भावना और ईर्ष्या का भाव था और हवन सामग्री दूषित थी वह तीन यज्ञ पूरे नहीं हुए। यज्ञ से यजमान व क्षेत्र की जनता के सारे मनोरथ पूरे होते हैं इसलिए यज्ञ में हमेशा सात्विक भाव से भाग लेना चाहिए।राजा दशरथ को पुत्र नहीं था पुत्रेष्टि यज्ञ से राम जैसे पुत्र की प्राप्ति हुई। महाराज जनक जी की पुत्री सीता का विवाह भी धनुष यज्ञ के बाद ही पूरा हुआ।



# नवकुंडात्मक श्री राम महायज्ञ का भव्य आयोजन 25 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ईसागढ़

श्री बलराम जी मंदिर ईसागढ़ पर श्री हनुमान जी एवं अखिल ब्रह्मांड नायक देवाधिदेव भगवान श्री महादेव एवं महादेव एवं मां देवकानी की असीम अनुकम्पा से एवं श्री श्री 1008 श्री परम पूजनीय गुरुदेव श्री नृत्यागोपाल दास जी महाराज के परम लाडले एवं परम पूज्य तेजस्वी रामदास जी मोनी महाराज (ब्रह्मलीन) एवं राष्ट्रीय संत श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर श्री पुरुषोत्तम दास जी महाराज के कृपा पात्र श्री रघुवर दास जी महाराज (चोपड़ा धाम आश्रम) देवकानी माता मंदिर ईसागढ़ के सानिध्य में श्री नवकुंडात्मक श्री राम महायज्ञ ,संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री रामलीला का आयोजन 19 अप्रैल को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाल कर शुभारंभ किया था जिसमें 25 अप्रैल शनिवार को पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण भंडारे के साथ समापन होगा जिसमें कथा व्यास पंडित श्री ओम प्रकाश शास्त्री ललोई वाले के मुखारविंद से कथा का वाचन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक किया जा रहा है।



यज्ञ आचार्य पंडित प्रदीप शास्त्री कदवाया वाले एवं मंदिर पुजारी पंडित अमन शर्मा के द्वारा लगातार व्यवस्थाएं देखी जा रही हैं जिसमें समस्त नगर वासियों एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से एवं यज्ञ वेदी के यजमानों से सहयोग प्राप्त कर नव कुंडात्मक यज्ञ को सफल किया जा रहा है यज्ञ के चतुर्थ दिवस व्यास एण्ड पार्टी बाल व्यास गणेश जी महाराज गोस्वामी बरोदा झांसी के तत्वाधान में रामलीला में राजा दशरथ अपने चैथे पड़ाव के आते ही अपने राजकुमार को राजा बनाने पर मंत्री से विमर्श करते है इसके बाद प्रजा की राय लेकर अपने गुरुदेव के पास पहुंचकर उनकी अनुमति लेते हैं यह प्रसंग काफी सराहनीय था।



### हज यात्रा पर रवाना हुए क्षेत्र के श्रद्धालु

पिपरई। चिरबांस से रियाज मोहम्मद व उनकी पत्नी बानो बी जब हज यात्रा के लिए रवाना हुए तब पवित्र हज यात्रा पर जाते समय परिजनों और समाजजनों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। रवाना होने से पहले जायरीनों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और उनकी सलामती व कुशल यात्रा के लिए दुआएं की गईं। पूरे क्षेत्र में इस अवसर पर उत्साह और भावुकता का माहौल देखने को मिला। हज यात्रा इस्लाम धर्म का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसमें श्रद्धालु सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का और मदीना जाकर इबादत करते हैं। हर सक्षम मुस्लिम के लिए जीवन में एक बार हज करना फर्ज माना गया है। परिजनों ने बताया कि यह उनके लिए गर्व और खुशी का पल है, वहीं अपनों से बिछड़ने का भावुक क्षण भी रहा। समाजजनों ने सभी यात्रियों की सकुशल यात्रा और हज की मुकम्मल अदायगी के लिए दुआएं मांगी। हज यात्रा पर रवाना हुए इन श्रद्धालुओं के लिए पूरे क्षेत्र में शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है और सभी उनकी सुरक्षित वापसी की कामना कर रहे हैं।

## जैन समाज ने प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ईसागढ़

गुरूवार को ईसागढ़ जैन समाज द्वारा प्रतिभावान छात्रों का अभिनंदन समारोह सुबह 7 बजे बड़े मंदिर पर आयोजित किया गया जिसमें समाज के प्रतिभावान बच्चों को स्मृति चिन्ह, दुपट्टा शाल श्री फल से सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

सर्वप्रथम सुबह 7 बजे बड़े मंदिर जी पर समस्त जैन समाज के धर्मावलम्बीयों द्वारा छात्रों के साथ भगवान का सामूहिक अभीषेक शांतिधारा की गई। शांतिधारा का सौभाग्य बड़कुल परिवार वीरेंद्र कुमार राजीव कुमार संजीव कुमार प्रवीण कुमार बड़कुल को मिला दूसरी शांति धारा करने का सौभाग्य सुनील कुमार अनिलकुमार आयुष कुमार कक्का परिवार को मिला शांतिधारा के बाद सामूहिक रूप आज 1008 श्री अभिनंदन भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया उसके बाद सभी बच्चों का अभिनंदन समारोह किया गया सम्मानित होने वाले बच्चों में 10जी क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त श्रेयांश पुत्र धर्मचंद 94ः, पलक 87ः एवं कार्तिक पुत्र सुनील कोहरवास 90ः, पलक पुत्र संजय जैन 92ः धैर्य पुत्र मनोज जैन 92ः, अनुराग पुत्र पवन जैन 75ः, बंश पुत्र जगदीश , कु आस्था पुत्र राकेश जैन94ः वैवभ पुत्र अशोक जैन 82ः, आदि पुत्र दिनेश रंपद 79ः, सोमिल पुत्र अतुल सिंघई 85ः, रोनिका पुत्री राहुल जैन 88ः अभिशा पुत्री अमित जैन92ः, श्रुति पुत्री आशीष जैन 92ःअतिशय पुत्र उपज जैन 91.5ः पलक पुत्री सुनील कोहरवास 87ः, अनी पुत्री अनुज जैन सोनू 89ः सहित सभी बच्चों और उनके परिवार जनों का मातापिता का सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनोज कोरी निवासी ग्राम बगुल्या ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर निवासी शैतान सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द और अमित अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाजना निवासी गंगाराम आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमरसिंह आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 16 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम बामौर हुर्रा निवासी परमाल पुत्र करण आदिवासी उम्र 16 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के कमरे में रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम कुम्हरिया निवासी रणवीर पुत्र सुरतिया जाटव उम्र 27 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को

**अशोकनगर।** आयोग द्वारा राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 26 अप्रैल को ओएमआर पद्धति से प्रातः 10 से 12 एवं दोपहर 02.15 से 04.15 बजे तक, दो सत्रों में प्रदेश के समस्त 54 संभाग, जिला मुख्यालयों के 365 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा निर्विघ्न, सुव्यवस्थित एवं शुचिता पूर्ण सम्पन्न हो, इस हेतु आपके संभाग एवं जिला मुख्यालयों पर उक्त परीक्षा हेतु नवीन प्रकिया के संबंध में निर्देश जारी किये गये है। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय नवीन जाँच प्रक्रिया (बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्केनिंग, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी) प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत परीक्षार्थियों को निम्न प्रक्रिया का पालन करना है।परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों को अनिवार्यतः 90 मिनट पूर्व पहुँचना होगा।परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों की त्रिस्तरीय जाँच की जाएगी। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार के समीप अनुमत एवं वर्जित वस्तुओं की जानकारी चस्पा होगी. जिसका पूर्णतः पालन किया जाना होगा। अनुमत एवं वर्जित वस्तुओं की सूची संलग्न है। जिलों के जनसंपर्क कार्यालय चाहे तो उनका भी प्रकाशन कर सकते है। सत्रों में जाँच की जाएगी, जिसमें पुरूष परीक्षार्थियों की जाँच पुरूष महिला की जाँच महिला करेगी।

## जिला अस्पताल के बोर फेल, टैंकरों से पानी मंगाना पड़ रहा है

# जिला अस्पताल में 350 मरीज भर्ती क्षमता 200 की, समस्याओं से जूझ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले का सबसे बड़ा अस्पताल शासकीय जिला चिकित्सालय में मरीज जिन उम्मीदों के साथ उपचार कराने के लिए आता है, मरीजों को उन उम्मीदों के अनुसार सुविधा नहीं मिल पा रही है, भटकते हुए मरीज कभी डॉक्टरों को तलाश रहे हैं तो कभी दवाओं के लिए परेशान हो रहे हैं। अस्पताल की क्षमता 200 मरीजों की है और 350 मरीज भर्ती रहकर उपचार करा रहे हैं। बजट 200 मरीजों के अनुसार आता है, इसके बावजूद भी अस्पताल प्रबंधन मरीजों को दवाएं भी उपलब्ध करा रहा है खाना के प्रबंध भी कर रहा है।

अशोकनगर जिला अस्पताल की तस्वीर बदलने का नाम नहीं ले रही है, यहां कितने ही सिविल सर्जन बदले, कितने ही कलेक्टर आकर चले गए, लेकिन अस्पताल जस का तस है। इस जिला अस्पताल ने वक्त के कईं थपेड़े देखे हैं, सिंधिया स्टेट के समय 1929 में डिस्पेंसरी से अस्पताल की शुरूआत हुई। पछार गांव से अशोकनगर बना, और तहसील से जिला बनने के बाद यह अस्पताल आज भी उसी स्थान पर है, यहां वर्तमान में 22 विशेषज्ञ डॉक्टर होना चाहिए, लेकिन 8 विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, 24 एमबीबीएस डॉक्टर होना चाहिए, लेकिन 5 हैं, मरीज कितने भी आ जाएं अगर डॉक्टर नहीं है तो इलाज कैसे होगा, या तो मरीज अन्य अस्पताल में जाने के लिए मजबूर होगा या फिर जो सुविधा है उसी का लाभ लेने पर मजबूर होगा।






### जिला अस्पताल के बोर फेल, आसपास के घरों के सभी बोर चालू ऐसा क्यों



जिला अस्पताल अशोकनगर इन दिनों मौसमी बीमारियों के चलते 1500 मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के आरएमओ डॉक्टर बीएल टैगोर ने बताया कि अस्पताल में पानी की समस्या है, 3 बोर हैं 2 बोर बंद पड़े हैं एक बोर में कुछ पानी आ रहा है, इस कारण प्रतिदिन दो टेंकर पानी अस्पताल में मंगाया जा रहा है। जबकि जिला अस्पताल शहर के बीचों बीच है अस्पताल के चारों ओर घनी वस्ती है, वहां जितने भी घरों में बोर हैं सब काम कर रहे हैं लेकिन अस्पताल में बोर की समस्या बनी रहती है क्या कारण है कि बोर सक्सेस नहीं हो पाता है। जिला अस्पताल को हर माह पानी पर बड़ी राशि खर्च करना पड़ रही है। जिन मरीजों को सुनाई नहीं पड़ता है उनके लिए ऑडियों मेट्रो मशीन नहीं है जिसके कारण उन्हें जिला दिव्यांग केन्द्र भेजना पड़ता है। इस तरह की अनेक समस्याएं जिला अस्पताल में बनी हुई हैं।

### इनका कहना है

जिला अस्पताल में 350 मरीज भर्ती रहते हैं और 1500 तक ओपीडी पहुंचती है, जिसके लिए एक नया 350 बिस्तर के अस्पताल का निर्माण जारी है। इस भवन का निर्माण अगले वर्ष तक पूरा होने की संभावना है, इस भवन के पूरा होने के बाद मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। स्टोर रूम के भवन के पीछे भी 17 लाख की लागत से नया निर्माण किया जा रहा है। जिला अस्पताल में अगर गद्दों पर चादर नहीं बिछाए जा रहे है तो मौजूदा स्टाफ पर कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. भूपेन्द्र सिंह** शेखावत, सिविल सर्जन जिला अस्पताल अशोकनगर

### अस्पताल में नए गद्दे भी आए और कूलर भी मंगाए गए, चादर न होने पर स्टाफ की क्लास ली

जिला अस्पताल अशोकनगर में जब वार्डों का जायजा लिया गया तो वार्डों में पलंगों पर मरीज तो भर्ती मिले लेकिन कुछ गैलरी में पडे थे कईं गद्दों पर चादर नहीं थी। सिविल सर्जन डॉक्टर भूपेन्द्र शेखावत को शिकायत की गई, उन्होंने सर्जिकल वार्ड के स्टाफ को बुलाया भी कि गद्दों पर चादर क्यों नही हैं, उन्होंने जबाव तलव किया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में 75 नए गद्दे साधारण वार्डों के लिए और 22 गद्दे आईसीयू वार्ड के लिए आए हैं, 5 नई व्हील चेयर, 10 कूलर, क्रिस कार्ड मशीन और 5 इंजेक्शन ट्राली आ चुकी हैं। व्हील चेयर की अब संख्या 10 हो गई है, सभी वार्डों में पर्दे लगवाए जा रहे हैं। इसके अलावा फायर सेफ्टी के लिए लाईन बिछाई गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस वर्ष रक्त यूनिट का लक्ष्य 5000 रखा गया है, गत वर्ष यह लक्ष्य 3800 यूनिट पर पहुंच गया था, इससे पहले 1800 यूनिट तक रहता आया है। उन्होंने कहा कि अगर 5000 यूनिट का लक्ष्य पूरा हो जाता है तो मरीजों को प्लाजमा की सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा एक नई सोनोग्राफी मशीन जो आधुनिक तकनीक से है और वर्तमान में शाजापुर में रखी हुई थी जो अशोकनगर जिला अस्पताल को प्राप्त हो गई है, इससे अब मरीजों को और सुविधा मिलेगी।

## ग्राम पंचायत मोहनपुर में रात्रि चौपाल लगी, जन संवाद किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार की रात्रि में जनपद पंचायत चंदेरी की ग्राम पंचायत मोहनपुर में रात्रि चैपाल एवं जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही रात्रि चैपाल में प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया गया।साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर हर संभव निराकरण किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

रात्रि चौपाल में कलेक्टर मालवीय ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने ग्राम पंचायत मोहनपुर में रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों से रूबरू होकर सीधा संवाद किया उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। चैपाल के दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन किया गया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में हो सहभागिता

रात्रि चैपाल में जल गंगा संवर्धन अभियान की अवधारणा के संबंध में कलेक्टर ने बताया कि जन सह भागिता से जल संरक्षण और संवर्धन पर आधारित जल संग्रहण संरचओं तालाबो,नदियों और कुओं का जीर्णोद्धार और जल स्त्रोतों की साफ-सफाई करना है। ग्रामीण जन इस अभियान जुड़कर जल सहजने के कार्य में अपनी सहभागिता करें। सम्पर्ण अभियान को इस तरह से नियोजित किया जाए। जिससे यह अभियान समाज और शासन की सहभागिता से जल संरक्षण व संवर्धन का जन आंदोलन बन सके। 'जल ही जीवन है', इस धारणा से जल को संरक्षित करने हेतु जल संरचनाओं को सुरक्षित साफ और स्वच्छ करने में ग्रामीण जन अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत मोहनपुर में रात्रि चैपाल एवं पंचायत भवन में रात्रि विश्राम के पश्चात गुरूवार को सुबह कलेक्टर श्री साकेत मालवीय सहित अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सामूहिक श्रमदान किया गया। श्रमदान के दौरान तालाब के गाद की खुदाई की गई।

### स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार की सुबह शासकीय हाई स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनपुर का निरीक्षण किया गया। शासकीय हाई स्कूल मोहनपुर के निरीक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से शैक्षणिक गतिविधियों के वारे में चर्चा कर जानकारी ली गई। केन्द्र के संचालन,बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचयात आलोक इटोरिया मौजूद रहे।

## जल संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी जिसमें जनभागीदारी को बढ़ाएं: कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान,गेहूं उपार्जन तथा ज्ञान भारतम मिशन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठके हर रोज होती हैं न बैठकों में कोई शक्ति दिखाई दे रही है न फील्ड में कोई प्रशासन का शख्त रवैया नजर आ रहा है। यह जिले की तस्वीर है,जहां प्रशासनिक गतिविधियां सामान्य चल रही हैं।

ऐसी ही एक बैठक कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति, जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन, तथा वर्षा जल संचयन से जुड़े प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के तहत सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से तालाबों, कुओं और अन्य जल स्त्रोतों के गहरीकरण एवं साफ-सफाई पर जोर दिया। साथ ही वर्षा जल के अधिकतम संचयन हेतु प्रभावी योजना बनाकर उसे धरातल पर लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें जनभागीदारी को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है।

### गेहूं उपार्जन की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की प्रगति, किसानों को भुगतान की स्थिति तथा उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने समय पर तौल, बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता एवं परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों को भुगतान समय सीमा में किए जाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर द्वारा भारत सरकार के "ज्ञान भारतम्-मिशन" के तहत जिले में पाण्डुलिपियों के सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पाण्डुलिपियों की जानकारी मोबाइल एप पर अपलोड कराई जाना है। इस कार्य हेतु शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक संगठनों एवं पाण्डुलिपि धारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा अभ्युदय मानव सेवा समिति ईसागढ़ के तत्वाधान में जिला अधिकारियों को पशु पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था कराये जाने सकोरो का वितरण कराया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर बी सिंडोस्कार, एसडीएम अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी मौजूद रहे।



### कार की टक्कर से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ईसागढ-खतौरा रोड़ पर एक तेज गति से आ रही कार ने सड़क किनारे खड़े एक युवक को टक्कर मार दी, घटना के बाद कार चालक वाहन को भगाकर ले गया। कुछ दूरी पर पेट्रोल पंप के समीप वाहन को खड़ा कर जब वह नंबर प्लेट बदलने का प्रयास कर रहा था तब परिवार के लोगों ने उसका पीछा कर उसे पकड लिया। इस घटना में कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई है। पारसौल निवासी जिस युवक को कार ने टक्कर मारी थी वह युवक सड़क किनारे लगे एक पेड़ से दातुन तोड़ रहा था, तभी खतौरा की ओर से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। इस घटना में कार चालक वाहन लेकर भाग गया,इस घटना के बाद घायल युवक को खून से लतपथ अवस्था में परिवार जन उपचार के लिए ईसागढ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार जनों में गुस्सा होने के बाद वह कार चालक का पीछा करने पहुंचे और उसे पेट्रोल पंप के पास पकड़ लिया जहां वह नंबर प्लेट बदलने का प्रयास कर रहा था।

## 4 महीने, 10 शिकायतें फिर भी नहीं लौटे तकनीकी गलती से कटे 4 हजार

**बैंक व एटीएम कंपनी की मनमानी से उपभोक्ता परेशान, बिजली बंद हुई तो एटीएम में**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

एसबीआई के एक उपभोक्ता ने एक निजी कंपनी के एटीएम से 4 महीने पहले 4 हजार रुपए निकालने के लिए कार्ड मशीन में लगाया था, जैसे ही राषि आहरण पर क्लिक किया तो एटीएम की बिजली बंद हो गई। ऐसे में उपभोक्ता के बैंक खाते तो राषि कट गई लेकिन एटीएम ने नोट बाहर नहीं निकाले। इसके बाद से अब तक उपभोक्ता द्वारा दस बार सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य माध्यमों से राषि वापिस पाने के लिए षिकायत की, 40 बार एसबीआई की मुंगावली षाखा के चक्कर काटे लेकिन अब तक उसकी 4 हजार रुपए की राषि वापिस नहीं हुई है।

दरअसल, नीलेष अहिरवार ग्राम पंचायत अमोंदा में सचिव हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर 2025 को दोपहर के 2 बजकर 30 मिनट पर उन्होंने बहादुरपुर में स्थित इंडिया वन कंपनी के एटीएम से 4 हजार रुपए निकालने के लिए कार्ड लगाया था। जैसे ही मषीन ने नोट गिनने षुरु किए, वैसे ही बिजली बंद हो गई और नोट मषीन में फंसे रह गए, उपभोक्ता के बैंक खाता से राशि कटने का मैसेज मोबाइल पर आ गया। उपभोक्ता ने कुछ ही देर में बैंक के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत क्रमांक दर्ज करा दी। इसके बाद जब कई दिनों तक समाधान नहीं हुआ तो उसने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर दी। यह शिकायत कुछ ही दिनों में बिना निराकरण के अपने आप बंद हो गई। इसके बाद उपभोक्ता बैंक भी गया और लिखित में शिकायत दर्ज कराई। फिर भी निराकरण नहीं हुआ। इस दौरान उपभोक्ता बैंक शाखा मुंगावली के 40 से अधिक चक्कर लगा चुका है। फिर भी उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।




### जगह-जगह लगे हैं निजी एटीएम जिम्मेदारी तय नहीं

बताया गया है कि जगह-जगह निजी कंपनियों ने कमीषन बेस पर ऐसे एटीएम लगा दिए हैं, जिनसे अधिकतम निकासी की सीमा 4 से 10 हजार रुपए है। इन एटीएम को लगाने के लिए फ्रैंचाईजी पर दिया जाता है। इनकी न तो कोई सुरक्षा व्यवस्था होती है और न ही कोई व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने तैयार होता। इसी तरह के एटीएम में पंचायत सचिव की राषि फंसी हुई है। इस संबंध में जब मुंगावली एसबीआई षाखा के प्रबंधक राजकिषोर अहिरवार से उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क कर उनका पक्ष जानना चाहा तो वह उपलब्ध नहीं हो सके।

### इनका कहना है

शिकायत के बाद हमने एटीएम डिपार्टमेंट से जानकारी मंगाई थी जिसमें सामने आया है कि उक्त उपभोक्ता द्वारा जो ट्रांजेक्षन किया गया है, वह सफल हुआ है हमने इसकी कॉपी भी उपभोक्ता को दे दी है।

**राजकिशोर** अहिरवार,शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक मुंगावली

## दबंग ठेकेदार नहीं कर रहा 2.25 करोड़ के स्वीकृत कार्य

न हो रहा काम और न हो रही कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

नगर परिषद शाढ़ौरा में निर्माण कार्य न होने की वजह से सारा दोष अध्यक्ष पर लग रहा हैं, लेकिन अंदर कुछ और ही मामला निकला। नगर के मेन बाजार सहित प्रमुख मार्गो पर तीन पुलियों का निर्माण कार्य होना है, जो 1.75 करोड़ की लागत से एवं टेकरी की सीढ़ी जो 50 लाख की लागत से तैयार की जानी है। जिनकी टेंडर प्रक्रिया सहित वर्क ऑर्डर भी हो चुके हैं दो वर्ष होने को है। लेकिन ठेकेदार को नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, पूरे पैसे बिना काम के ही निकालना चाह रहा है, या कोई और मनसा है, सरकार के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

अधिकारी ठेकेदार के दबाव में काम कर रहे है। अध्यक्ष एस सी कोटा से होने की वजह से उन्हें कोई भी सहयोग नहीं मिल रहा है, बल्कि नगर परिषद अध्यक्ष का कहना है, कि यही रसूखदार ठेकेदार और उनके लोग उन्हें हटाने की धमकी भी देते हैं। बस कुछ दिन रुक, और बताया जाता है कि ठेकेदार महीने में दो तीन बार भोपाल और दिल्ली तो जाता ही है। इससे लगता है ठेकेदार की पहुंच तो बड़ी है। एक गरीब आदमी की क्या दयनीय स्थिति कर दी दबंग लोगों ने, काम न किया जा रहा और न करने दिया जा रहा। ठेकेदार के रसूख से प्रशासन भी मौन है। या डर है या कोई सेटलमेंट क्या है, आखिर क्या है, माजरा।




### इनका कहना है

मैं गरीब के साथ साथ नीची जाति का व्यक्ति हूं, शायद मेरी इसलिये कोई नहीं सुनता। टेकरी की सीढ़ी पर पत्थर लगाने की बात कहने पर इन ठेकेदार द्वारा मुझसे अभद्रता की गई, मेरे ऊपर केस लगाने की धमकी भी दी जा चुकी है। मैंने कहीं किसी का बुरा नहीं किया। मेरे बालाजी पर मुझे भरोसा है, में गलत नहीं हूं। मुझे सताया जा रहा हैं। पुराने कलेक्टर ने सीढ़ी का काम चालू करवाया था। अब फिर बंद है।

**अशोक माहौर** अध्यक्ष नगर परिषद शाढ़ौरा

## गुरुदेव के आशीर्वाद से अथाईखेड़ा ग्राम में बनेगा भव्य जिनालय

# णमोदय तीर्थ से मुंगावली को मिलेगी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

कष्ट दुःख असाता को भी समता भाव पूर्वक सहन करने से साता वेदनी कर्म का ही वंद होता है ऐसा नहीं है कि आप दुख दारूणय कष्टों को समता भाव पूर्वक सहते जा रहे हैं फिर भी कष्ट ही आये समता से आगे चलकर साता का ही उदय आयेगा। दुःख का यदि हम दुःख ना माने तो सुख जरूर आयेगा ये प्रकृति का नियम है यदि कष्ट दुःख आने पर अपना आपा खो दे तो दुःख ही बढ़ेगा सुख नहीं मिल सकता सुख पाने के लिए तो दुःख को भी हंसी हंसी में झेलना ही होगा फिर देखो सुख आपके पीछे पीछे दौड़ा आयेगा अव आपके नगर को एक नई पहचान मिलने जा रही है अव लोग णमोदय तीर्थ के करने आयेंगे इससे मुंगावली को एक नई पहचान मिलेगी उक्त आश्य केउद्गार सुधा सागर सभागार में जिज्ञासा समाधान करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव सुधासागर महाराज ने व्यक्त किए ।

इसके पहले जैन समाज अशोक नगर अध्यक्ष राकेश कासंल के साथ अथाईखेड़ा जैन समाज ने परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज से अथाईखेड़ा ग्राम में नवीन भव्य जिनालय के निर्माण का निवेदन किया निर्मल जैन ने कहा कि हम वर्षो से आपके आगमन का इंतजार कर रहे हैं जिससे मन्दिर का निर्माण हो जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अथाईखेड़ा वाले आज अशोक नगर की पूरी कमेटी को साथ लाये है ये किशनगढ़ विजोलिया आवा हर जगह गये यहां खनियाधाना गोला कोट के बाद आस जगी कि आपके चरण इस ओर बढ़ सकते हैं और आज अथाईखेड़ा की उम्मीद जगी है आपका मार्ग दर्शन और आशीर्वाद चाहिए। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई सहित पूरी कमेटी ने अथाईखेड़ा मन्दिर निर्माण में सहयोग का निवेदन किया।





### भूदान के साथ मंदिर निर्माण का लिया संकल्प

राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में नगर के श्रावक श्रेष्ठी निर्मल कुमार अथाईखेडा एवं उनकी जीवन संगनी ने दो बीघा ज़मीन के साथ मन्दिर निर्माण के साथ प्रभु की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की भावना रखी तो जैन समाज के पूर्व महामंत्री गिरीश अथाईखेडा ने कहा कि हम सब मिलकर एक भव्य जिनालय को आकार देने के लिए कृतसंकल्प वद हो रहे हैं आपके चरण चालीस वर्ष पूर्व पड़े अव अथाईखेड़ा पधारे पर मन्दिर निर्माण का संकल्प पूरा करायें।

# कबाड़ से आग का खतराः चलते ट्रक में भीषण आग, वार्ड 08 में भी हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में कबाड़ से जुड़ी लापरवाह व्यवस्थाएं अब बड़े खतरे का संकेत देने लगी हैं। गुरुवार सुबह कुरावर के समीप नेशनल हाईवे 46 पर एक चलते ट्रक में भीषण आग लगने की घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। वहीं दूसरी ओर नगर के वार्ड क्रमांक 08 में सड़कों पर फैले कबाड़ के कारण भी इसी तरह की आगजनी और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है, जिससे स्थानीय लोग चिंतित हैं।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 8 बजे एक ट्रक क्रमांक आर जे 11 जीसी 4447 भोपाल से कबाड़ भरकर दिल्ली की ओर जा रहा था, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक सामान का कबाड़ भरा हुआ था। रेड रोज स्कूल के पास अचानक ट्रक में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित हुआ। घटना की





सूचना मिलते ही कुरावर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड सहित ओसवाल डेनिम यूनिट से भी दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन ट्रक में रखा अधिकांश कबाड़ जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इधर नगर के वार्ड क्रमांक 08 में कई कबाड़ की दुकानें संचालित हो रही हैं, जिनका सामान सड़कों तक फैला रहता है। इनमें प्लास्टिक, बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री शामिल है, जो अत्यधिक ज्वलनशील होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन दुकानों को व्यवस्थित नहीं किया गया, तो यहां भी कभी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कबाड़ की दुकानों को आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित किया जाए और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर साफ-सुथरा एवं सुरक्षित बनाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# कागज के टुकड़ों को असली नोट बताकर ठगी गिरोह का पर्दाफाश, 2 लोग गिरफ्तार ,1 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले के कई शहरों में नकली नोट चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाष हो गया है। जिले में धोखाधड़ी संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना ब्यावरा सिटी पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा एक संगठित ठग गिरोह का पर्दाफाश किया गया है, जो कागज के टुकड़ों को असली नोट बताकर लोगों से बड़ी रकम की ठगी कर रहे थे।

आरोपी सीधे-साधे लोगों को झांसे में लेकर उन्हें कागज से असली नोट बनाने



का झूठा डेमो दिखाते थे। केमिकल एवं पानी के माध्यम से नोट बनाने का भ्रम पैदा कर विश्वास अर्जित करते थे, फिर बड़ी रकम लेकर नकली गड्डियां थमा देते थे, जिनमें ऊपर-नीचे असली नोट और बीच में कागज के टुकड़े होते थे। 17 अप्रैल 2026 को कांसारे जोड़ के पास गुना-ब्यावरा हाईवे पर पंकज प्रजापति निवासी गुना एवं उनके साथियों से आरोपियों द्वारा 5,00,000 लेकर लगभग 40,00,000 बताकर नकली नोटों की गड्डियां दी गईं, जिनमें अधिकांश कागज के टुकड़े भरे हुए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित विशेष टीम गठित की गई।

**टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज से हुई जांचः** घटनास्थल एवं टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ब्लैक स्कोडा (एमपी 04वाईएफ 6943) वाहन चिन्हित किया गया। कंट्रोल रूम राजगढ़ से भोपाल को सूचना दी गई, जिसके बाद मात्र 4 घंटे के भीतर थाना निशातपुरा भोपाल पुलिस के सहयोग से वाहन सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## यह माल हुआ जब्त

जप्ती ब्लैक स्कोडा कार कीमत लगभग 15 लाख 500 के नोट की 8 गड्डियां 4,00,000 100 के नोट की 14 गड्डियां ऊपर-नीचे असली नोट, बीच में कागज पूछताछ में खुलासा हुआ है। आरोपी मोहम्मद हनीफ ने स्वीकार किया कि वह लोगों को भ्रमित करने के लिए झूठी कहानी बनाता था कि उसके रिश्तेदार देवास प्रिंटिंग प्रेस में कार्यरत हैं। केमिकल व पानी से नकली डेमो दिखाकर विश्वास में लेकर ठगी की जाती थी।

## इनकी रही भूमिका

इसमें निरीक्षक वीरेन्द्र धाकड़ (थाना प्रभारी ब्यावरा सिटी), निरीक्षक जितेन्द्र मावई (टीआई कुरावर), उप निरीक्षक जितेन्द्र अजनारे (प्रभारी साइबर सेल), उप निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा, उप निरीक्षक गोविंद मीणा, उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह (थाना कुरावर), प्रधान आरक्षक हेमन्त सिंह राजपूत, आरक्षक राहुल मीना, आरक्षक गुरु गोविंद मीणा, आरक्षक बनवारी मीना, आरक्षक पियूष गुप्ता, आरक्षक धीरेंद्र कुमार, आरक्षक हितेश यादव, आरक्षक नवल एवं आरक्षक बलराम (थाना कुरावर) की सराहनीय भूमिका रही।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण, अभाविप ने कॉलेज में राष्ट्रभक्ति स्वर गुंजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के तत्वाधान में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय परिसर में वंदे मातरम् कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजगढ़ विभाग संगठन मंत्री रोहित सोनी ने अपने उद्बोधन में वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व और युवाओं के जीवन में राष्ट्रभक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा और स्वाभिमान का प्रतीक है, जो हर युवा को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर अशोक सेन ने भी अपने विचार




व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से देशहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। नगर मंत्री नरेंद्र सौंधिया ने स्वागत भाषण दिया। महाविद्यालय प्राचार्य हिमांशु चाष्टा ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खारपा प्राचार्य राधेश्याम पुरवइया भुवनेश गुप्ता, दिनेश दांगी, उपाध्यक्ष रामेश्वर पवांर , दीपक सोनगरा , स्नेहा वर्मा , सुरेखा चैहान , निकिता प्रजापति , आशा प्रजापति , हरीश मालवीय सहित अनेक विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, एकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

# 35 लाख की स्मैक व कैमिकल सहित मुख्य सप्लायर गिरफ्तार, की पूछताछ

## पुलिस ने क्रमबद्ध रूप से बढ़ाई थी अपनी जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



विगत दिनों जिला पुलिस ने जीरापुर की आवास कॉलोनी निवासी एक दंपत्ति को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 88 हजार रुपए का स्मैक पाउडर जब्ती में लिया। उक्त दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस तभी से स्मैक के मुख्य सप्लायर को दबोचने की फिराक में लगी हुई थी।

इस मामले में जीरापुर पुलिस द्वारा की गई आगे की विवेचना में अब स्मैक के मुख्य सप्लायर घाटोली राजस्थान निवासी जगदीश पिता बीरमचंद तंवर को भी पकड़ लिया गया है। आरोपी जगदीश जिले के माचलपुर क्षेत्र के पीपल्याकुल्मी निवासी शकील पिता शब्बीर मंसूरी सहित अन्य को स्मैक सप्लाई करता था। पुलिस ने बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात्रि शकील के घर दबिश देकर उसके ठिकाने से 298 ग्राम अवैध स्मैक एवं 4486 किलो कैमिकल(टांका) जब्ती में लिया है। जब्त माल की कुल कीमत करीब 35 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी शकील को गिरफ्तार करते हुए उस पर एनडीपीएस एक्ट के सुसंगत धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की गई है। जब्तशुदा मादक पदार्थ को विधिवत सीलबंद कर मालखाने में सुरक्षित रखा गया है। इस पूरे सफलता में भोजपुर थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा एवं उनकी टीम सहित सायबर सेल राजगढ़ का विशेष योगदान रहा।

### ऑपरेशन शुद्धि के तहत जारी रहेगी कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बताया कि ऑपरेशन शुद्धि के तहत अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जिला पुलिस की कार्यवाही अनवरत रूप से जारी रहेगी।

संयुक्त टीम ने गांव पहुंचकर रुकवाया बाल-विवाह

# आधार में 18 तो मूल दस्तावेजों में 15 वर्ष की निकली 'बालिका वधु'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस एवं प्रशासन की सक्रियता से कालीपीठ क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका वधु बनने से बच गई। दरअसल, 22 अप्रेल को बाल विवाह कन्ट्रोल रूम पर शिकायत मिली थी कि कालीपीठ क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका का विवाह करवाया जा रहा है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ श्याम बाबू खरे, वन स्टॉप सेंटर प्रशासिका रश्मि चैहान, कोतवाली टीआई मंजू मंखेनिया, सुपरवाईजर पूजा विजयवर्गीय टीम सहित संबंधित गांव पहुंचे। गांव में शादी वाले घर पहुंचने पर जब बालिका का आधार कार्ड मांगा गया तो उसमें उसकी आयु 18 वर्ष 1 माह निकली। आधार कार्ड के फर्जी होने के संदेह पर टीम ने तुरंत जिला शिक्षाधिकारी से संपर्क कर गांव के शिक्षक गोपाल भलवाला को मौके पर बुलवाकर शाला की स्कॉलर पंजी का अवलोकन किया। पंजी और राज्य शिक्षा केंद्र की मार्कशीट के अनुसार बालिका की आयु 15 वर्ष 8 माह ही निकली।

### शादी रुकवाकर प्रशासनिक आश्रम स्थल लाई गई वधु



वास्तविकता ज्ञात होते ही सेमलाबे गांव से आ रही बालिका वधु की बारात को रोका गया और परिवारजनों को बाल विवाह प्रतिशेध अनियमत के तहत समाईस दी गई। विवाह आयोजन स्थल पर विवाह की समस्त तैयारियों हो चुकी थीं। बालिका के हाथों में मेहंदी लगी थी एवं शरीर पर हल्दी लगी थी जो कि विवाह के अनुष्ठान का आयोजन करना स्पष्ट प्रदर्शित होता पाया गया। उक्त परिस्थिति को देखते हुए उपस्थित जांच दल द्वारा कार्यवाही कर प्राथमिकी एफआईआर दर्ज करवाई गई। साथ ही बालिका को वन स्टॉप सेंटर सेंटर में देर रात 2 बजे आश्रय हेतु लाया गया, ताकि बालिका के सर्वोत्तम हित में कार्यवाही की जा सके।

# कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर पहुंचकर जांची व्यवस्थाएं

## बेड़कापुरा एवं करेड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार दोपहर राजगढ ब्लॉक के बेडाकापुरा शासकीय वेयर हाउस एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करेडी खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समय पर तौल, बिल जनरेट होने की स्थिति, समय पर किसानों का भुगतान हो रहा है या नही एवं किसानों के लिए उपार्जन केन्द्र पर पानी एवं छाया की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही उपार्जन की पूरी प्रक्रिया की सुक्ष्मता से जानकारी प्राप्त की। साथ ही सर्वेयर ऐप, नॉन के सॉफ्टवेयर, वेयर हाउसिंग सॉफ्टवेयर सहित मॉड्यूल के बारे में उपस्थितों से जानकारी लेकर निर्देश दिए कि किसानों का समय पर भुगतान किया जाए। निरीक्षण के दौरान तुलाई कार्य का अवलोकन करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि तौल पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया जाए। बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा भंडारण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।




# पुराना एबी रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाने उतरा नपा अमला, समान जब्त के निर्देश

**सारंगपुर।** नगर के पुराने एबी रोड पर लंबे समय से चल रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर उत्पन्न समस्या के निराकरण के लिए गुरुवार को नगर पालिका की टीम सड़क पर उतरी और दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे अस्थायी रूप से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, आए दिन जाम की स्थिति से आमजन और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर समाचार पत्र में खबरें प्रकाशित हो रही थीं, जिसके बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे के निर्देश पर टीम ने मौके पर पहुंचकर हाईवे किनारे लगे अवैध अतिक्रमण को हटवाया। और कुछ सामान जप्त कर अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में सड़क पर किसी प्रकार का कब्जा न करें, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आरआई सूर्य प्रकाश झाला, दरोगा सतीश कंडारे, तरुण दावरे सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा। टीम ने सड़क किनारे खड़े ठेलों और अस्थायी दुकानों को हटवाते हुए यातायात को सुचारू बनाने का प्रयास किया। नगरवासियों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे जाम की समस्या में राहत मिलेगी।

# गाय बचाने में शराब से भरी कार पलटी, दो लोग गंभीर घायल, शराब वैध या अवैध यह पुलिस जांच का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुरुवार को दोपहर में सड़क हादसे की फिर खबर आई सारंगपुर नेशनल हाईवे पर एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया, जिसमें दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांदा निवासी जगदीश पिता देवी सिंह नागर (हाल मुकाम देवास) एवं दुर्गेश पिता भाव सिंह नागर (हाल मुकाम इंदौर) अपने गांव से कार द्वारा देवास की ओर जा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक गोपालपुरा के समीप अचानक सड़क पर गोवंश आ जाने से वेगेनार कार (क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यू एफ 5467) के चालक का संतुलन बिगड़ गया। गाय को




बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरा और पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार में रखी देशी शराब की पेटियां सड़क पर बिखर गईं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में कार सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जननी एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया। यहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई थी। घटना के बाद क्षेत्र में सड़क पर अचानक आवारा पशुओं के आ जाने से बढ़ते हादसों को लेकर लोगों में चिंता हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर पशुओं की आवाजाही रोकने के लिए ठोस व्यवस्था की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि दुर्घटनाग्रस्त कार में देशी शराब की पेटियां भरी हुई थीं। यह शराब वैध थी या अवैध, इस संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।



# कार-ऑटो की भिड़ंत में 13 वर्षीय बालक की मौत, गांव में शोक की लहर

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मऊ गांव के समीप स्थित शराब दुकान के सामने यह दुर्घटना सुबह करीब 5रू00 बजे हुई। कमलसरा गांव से लहसुन भरकर मंडी जा रहे एक लोडिंग ऑटो को पीछे से आ रही एक अल्टो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में सवार बालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल बच्चे को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। बताया जा रहा है कि सुबह के समय हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण इस तरह के हादसे बढ़ते जा रहे हैं।

## फूलमाली सोशल उत्थान समिति ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# महादेव का पूजन-अर्चन कर मनाया समाज का उत्पत्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरंगपुर

फूल माली सोशल उत्थान समिति मध्य प्रदेश के आवाहन पर ब्लॉक इकाई के तत्वावधान मे गुरुवार को फूल माली समाज का उत्पत्ति दिवस मनाया गया जिसके तहत समिति के सदस्यों द्वारा बदली पूरा हनुमान मंदिर परिसर स्थित पूर्णेश्वर महादेव की 11 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना एवं अभिषेक कर महा आरती की गई तथा समिति सदस्यों द्वारा पुजारी का साफा बांधकर तथा दुपट्टा डालकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फूल माली महा पंचायत प्रदेश महामंत्री ओम पुष्पद भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने कहा कि फूल माली समाज (नाभावंशी) की उत्पत्ति भगवान विष्णु की नाभि या भगवान शिव के मैल से हुई हे ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव ने कैलाश पर्वत पर एक बगीचा बनाकर उसकी रक्षा के लिए अपने शरीर के मेल से एक पुतला बनाकर उसमें प्राण डालकर वन माली का निर्माण किया वही एक अन्य मान्यता के अनुसार फूलमाली समाज को भगवान विष्णु की नाभि कमल से वैशाख सप्तमी जिसे गंगा



सप्तमी भी कहा जाता है को माली समाज की उत्पत्ति का दिन माना जाता है इसलिए फूल माली समाज गंगा सप्तमी को अपना उत्पत्ति दिवस मनाता है कार्यक्रम का संचालन फूल माली सोशल उत्थान समिति प्रदेश व्यवस्था प्रमुख मनोज पुष्पद ने किया तथा आभार बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष कैलाश वर्मा ने माना। इस दौरान फूल माली सोशल उत्थान समिति ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पुष्पद पवन पुष्पद नारायण सोनी दीपू दास बैरागी अखिलेश चैहान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं जिला विवाह पंजीयन अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

क्र.3866 / प्रवा.-2/ विवाह/2026 राजगढ़, दिनांक 16/4/2026

**-: विज्ञप्ति ::-**

आवेदक श्री राहुल मीणा पिता जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम कांकरिया मीना तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ म०प्र० एवं आवेदिका स्वाती वंशकार पिता रामगोपाल निवासी ग्राम लसूडल्या रामनाथ तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ म०प्र० के द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत् रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टी के लिए विवाह पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र पर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत् विवाह पंजीयन की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है। हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 6 (3) के तहत् सूचना के प्रकाशन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन के दिनांक से एक माह की अवधि के अन्दर या दिनांक 15/05/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थिति होकर या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 16/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर से विज्ञप्ति जारी की गयी।

अपर कलेक्टर
एवं विवाह पंजीयन अधिकारी
जिला राजगढ़ (ब्यावरा)